भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-374

उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

थाणे, महाराष्ट्र में नए केन्द्रीय विद्यालय

†374. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कितने केन्द्रीय विद्यालय खोले गए हैं और तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ठाणे, महाराष्ट्र में खोले गए अथवा खोले जाने के लिए प्रस्तावित नए केन्द्रीय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित विद्यालयों को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;
(ग) क्या ठाणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव है;
(घ) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदाएं आदि जारी करने जैसी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कब तक विद्यालय शुरू किया जाएगा?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क): केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत पांच वर्षों (अर्थात् 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23) के दौरान पूरे देश में नागरिक/रक्षा/उच्च शिक्षण संस्थान/परियोजना क्षेत्र के तहत 71 नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोले गए हैं, जिनमें महाराष्ट्र के 02 केवि भी शामिल हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और केविसं क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं।

(ख) से (ङ): नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। वर्तमान में, ठाणे में 01 केवि सहित 59 केवि महाराष्ट्र राज्य में कार्यात्मक हैं। केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के ठाणे में नया केवि खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्य, श्री राजन बाबूराव विचारे द्वारा "थाणे, महाराष्ट्र में नए केन्द्रीय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 05.02.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 374 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

देश भर में विगत पांच वर्षों के दौरान खोले गए केवि की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और केविसं क्षेत्र-वार संख्या

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**केविसं क्षेत्र**	**देश भर में विगत पांच वर्षों के दौरान खोले गए केवि की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	हैदराबाद	02
2.	अरुणाचल प्रदेश	तिनसुकिया	03
3.	असम	गुवाहाटी	02
4.	बिहार	पटना	02
5.	छत्तीसगढ़	रायपुर	02
6.	दिल्ली	दिल्ली	01
7.	हरियाणा	गुरूग्राम	03
8.	हिमाचल प्रदेश	गुरूग्राम	01
9.	जम्मू एवं कश्मीर	जम्मू	01
10.	झारखंड	रांची	04
11.	कर्नाटक	बेंगलुरु	05
12.	केरल	एर्नाकुलम	01
13.	मध्य प्रदेश	जबलपुर	08
14.	महाराष्ट्र	मुंबई	**02**
15.	मणिपुर	तिनसुकिया	01
16.	ओडिशा	भुवनेश्वर	06
17.	पंजाब	चंडीगढ़	02
18.	राजस्थान	जयपुर	04
19.	तमिलनाडु	चेन्नई	03
20.	तेलंगाना	हैदराबाद	02
21.	त्रिपुरा	सिलचर	01
22.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी, आगरा और लखनऊ	11
23.	उत्तराखंड	देहरादून	02
24.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	02
		कुल	**71**

*****